# देश में कई जगह बाढ़ का विकराल रूप!

**बिहार में गंगा-कोसी का कहर, यूपी में भी नदियां उफान पर**

**फसलें बर्बाद, गांवों से ग्रामीणों का पलायन शुरू**

**नईदिल्ली,22 जुलाई. देश के मैदानी इलाकों से आ रही ताजा खबरों के मुताबिक, गंगा और उसकी सहायक नदियां रौद्र रूप दिखा रही हैं. बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जि़ले इस समय भयंकर बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. लाखों लोग प्रभावित हुए हैं, किसानों की खड़ी फसलें पानी में समा गई हैं, और कई जगह से लोगों का पलायन शुरू हो गया है. आपदा में अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है.**



मुंगेर में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसने अब लोगों को डराना शुरू कर दिया है. नदी का पानी चेतावनी रेखा (38.33 मीटर) को पार कर चुका है और तेजी से खतरे के निशान (39.33 मीटर) की ओर बढ़ रहा है. चेतावनी स्तर पार होते ही बाढ़ का पानी दियारा क्षेत्रों और नदी–नालों के ज़रिए निचले इलाकों तक पहुंच गया है. सैकड़ों एकड़ खेतों में लगी फसलें और पशु चारा पानी में डूब चुके हैं. कई स्थानों पर कटाव भी शुरू हो गया है.

> भागलपुर शहर में भी गंगा का पानी अब शहरी इलाकों में घुसने लगा है. बूढ़ानाथ मंदिर के निचले पार्क और मसानी काली मंदिर के पास तक पानी आ गया है. बरारी में सीढ़ी घाट व पुल घाट के पास गंगा पहुंच चुकी है, और रिवर फ्रंट की अधिकतर सीढ़ियां डूब गई हैं. टीएमबीयू गेस्ट हाउस तक पानी पहुंच गया, इससे विवि का पिछला हिस्सा पूरी तरह जलमग्न हो गया है. सिर्फ गंगा ही नहीं, कोसी नदी भी उग्र रूप दिखा रही है. नवगछिया के मदरौनी में कोसी नदी खतरे के निशान से महज 34 सेंटीमीटर नीचे बह रही है.

## दो देशों की यात्रा पर आज रवाना होंगे मोदी

**नईदिल्ली, 22 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज से शुरू होने वाली ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लग सकती है. मोदी बुधवार को 23 से 26 जुलाई तक दो देशों की चार दिन की यात्रा पर रवाना होंगे. यात्रा के पहले चरण में वह ब्रिटेन जायेंगे और दूसरे चरण में 25 जुलाई को मालदीव पहुंचेंगे. विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को यहां विशेष ब्रीफिंग में कहा कि मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी. इससे पहले वह 2015, 2018 और 2021 में ब्रिटेन की यात्रा कर चुके हैं.

# ओलंपिक गोल्ड पर मिलेंगे 7 करोड़

### 1200 छात्रों को मिलेंगे लैपटॉप, 21,412 स्मार्ट क्लास की योजना

**नई दिल्ली, 22जुलाई. दिल्ली सरकार ने युवा, छात्र और खिलाड़ियों के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षा और खेल के क्षेत्रों को सशक्त करने के लिए तीन बड़े फ़ैसलों को मंज़ूरी दी गई. कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने इन फ़ैसलों को दिल्ली को समावेशी विकास की दिशा में आगे ले जाने वाला बताया.**

दिल्ली सरकार ने 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 1200 छात्रों को आई–7 लैपटॉप देने की घोषणा की है। इस योजना पर कुल



8 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही, स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम विकसित करने की भी योजना है। वर्ष 2029–30 तक कुल 21,412 स्मार्ट क्लास बनाए जाएंगे, जिनमें से 18,996 कक्षाओं को चरणबद्ध तरीक़े से बदला जाएगा। इस परियोजना के लिए 900 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

> मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 5 करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल के विजेताओं को सरकारी नौकरी देने का भी एलान किया गया है स्वर्ण पदक विजेताओं को रजत पदक विजेताओं को और कांस्य पदक विजेताओं को की नौकरी दी जाएगी।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने दिल्ली हाईकोर्ट के लिए 3 न्यायाधीशों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति की है.**

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, न्यायिक अधिकारी विनोद कुमार, शैल जैन और मधु जैन पदोन्नत कर न्यायाधीश बनाया है. अधिसूचना में कहा गया है, राष्ट्रपति भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए न्यायिक अधिकारियों विनोद कुमार, शैल जैन और मधु जैन को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त करते हैं.

> वहीं राजस्थान उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश और छह अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की गयी है. इनमें छह अधिवक्ता और एक न्यायिक अधिकारी हैं. केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना में ये जानकारी दी गई. अधिसूचना के अनुसार, संदीप तनेजा को न्यायाधीश नियुक्त किया गया. इसी प्रकार वरिष्ठ अधिवक्ता बलजिंदर सिंह संधू, बिपिन गुप्ता, संजीत पुरोहित, रवि चिरानिया औ अनुरूप सिंघी को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है.

# भाजपा का भ्रष्टाचार चरम पर–केजरी

### किसान की मौत पर गरमाई राजनीति

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. गुजरात में किसानों और पशुपालकों पर हुए कथित लाठीचार्ज और इस घटना में एक किसान की दुखद मौत ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया है.**

आम आदमी पार्टी ने सत्ताधारी भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे अहंकार और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा बताया है. आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि गुजरात में अपने दूध के उचित दाम की मांग कर रहे किसान पशुपालकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बीजेपी सरकार ने बर्बर लाठीचार्ज किया. पार्टी का दावा है कि इस लाठीचार्ज में एक किसान की मौत हो गई, जिससे राज्यभर में



आक्रोश फैल गया है। यह घटना सरकार और किसानों के बीच बढ़ते तनाव को दर्शाती है. इसके साथ ही, आम आदमी पार्टी ने एक और गंभीर आरोप लगाया है. पार्टी का कहना है कि घोर भ्रष्टाचार% के खिलाफ लगातार आवाज़ उठा रहे उनके प्रमुख नेता चैतर वसावा को गिरफ्तार कर लिया गया है। 'आप' ने इस गिरफ्तारी को विरोध की आवाज दबाने की कोशिश बताया है.

> आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर सीधा हमला बोला है. केजरीवाल ने सोशल मिडिया एक्स में कहा, 30 साल शासन करने के बाद आज गुजरात में बीजेपी का अहंकार और भ्रष्टाचार चरम पर है. उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों और कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं.इन गंभीर आरोपों और बढ़ते सियासी तनाव के बीच, अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि वह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ दो दिन की यात्रा पर गुजरात जा रहे हैं.

## एयर इंडिया के विमान में लगी आग, जांच शुरू

**नई दिल्ली, 22 जुलाई.** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया, जब हांगकांग से आई एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई–315 में लैंडिंग के तुरंत बाद आग लग गई. एयरबस ए 321 विमान दोपहर 12.12 बजे दिल्ली पहुंचा था. घटना के वक्त यात्री उतर ही रहे थे, जिससे सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की जान बच गई. एयर इंडिया प्रवक्ता ने जानकारी दी कि विमान की ऑक्जिलियरी पावर यूनिट में आग लगी, जो विमान के लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के तुरंत बाद शुरू हुई. यह यूनिट आमतौर पर पार्किंग के दौरान विमान को बिजली प्रदान करती है. आग लगने की स्थिति में सुरक्षा प्रणाली के तहत एपीयू को स्वत: बंद कर दिया गया.

# मुंबई ट्रेन बिस्फोट मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट को चुनौती

- मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को तय की सुनवाई
- बॉम्बे हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में किया बरी

**नई दिल्ली,22जुलाई.2006 के मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों से जुड़ा एक बड़ा मोड़ सामने आया है. बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले के 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है.**

इस फैसले के बाद यह सवाल एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है कि आखिर 180 से ज्यादा लोगों की मौत का जिम्मेदार कौन है? महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट के इस



फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है और तत्काल सुनवाई की मांग की है. सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश की पीठ के सामने कहा यह अत्यावश्यक मामला है, अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है, इसमें जल्दी सुनवाई होनी चाहिए. कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हमें विचार करने की जरूरत है. मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया.

# बिहार में लोकतंत्र का कत्ल – प्रियंका

- मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,22जुलाई. बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में मकर द्वार पर प्रदर्शन हुआ, जिसमें विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के नाम पर बिहार में वोटों की चोरी की जा रही है.**

विरोध के दौरान सांसदों ने एसआईआर भारतीय अधिकारों की चोरी और एसआईआर भारतीय गणराज्य को नुकसान पहुंचाना लिखी तख्तियां हाथ में ले रखी थीं। इस प्रदर्शन में राहुल गांधी, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी, राजद, तृणमूल कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सांसद शामिल थे। इससे पहले राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक भी हुई.

> मीडिया से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने साफ तौर पर कहा, एसआईआर की प्रक्रिया लोकतंत्र का कत्ल है, इसलिए हम बार–बार कह रहे हैं कि यह एकदम गलत है. कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भी कहा,हम सदन में बिहार में जारी एसआईआर का मुद्दा उठाएंगे, क्योंकि यह वोटबंदी से जुड़ा है. कांग्रेस पार्टी ही नहीं बल्कि पूरा विपक्ष इस विषय पर बोल रहा है. यह सिर्फ बिहार ही नहीं, देशभर के मतदाताओं का वोट लूटने की साजिश है, जिसके खिलाफ हम आवाज उठाएंगे. कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने बताया, बिहार में एसआईआर आज देश के सबसे बड़े मुद्दों में से एक है. यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है क्योंकि इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट चर्चा का फैसला किया है, और हम इसकी मांग कर रहे हैं. हम एसआईआर नहीं चाहते, लेकिन सरकार चर्चा के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है.



## हेरोइन और ड्रोन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर 22 जुलाई.** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने की एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है और हेरोइन के साथ ड्रोन बरामद किए हैं. बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात बीएसएफ की खुफिया शाखा द्वारा प्राप्त एक सूचना के आधार पर जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर फिरोजपुर के दोनमत्तर गाँव में एक संदिग्ध घर पर छापा मारा और मादक पदार्थों के दो तस्करों को एक तौल मशीन और दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया. पकड़े गए व्यक्ति फिरोजपुर जिले के मुक्तसर साहिब और मेघराय के निवासी हैं.

# दिल्ली : ईडी ने कुर्क की कुलाधिपति की संपत्ति

**शिलांग 22 जुलाई. शिलांग में प्रवर्तन निदेशालय ने धन के बदले फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में सीएमजे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति चंद्र मोहन झा और उनके परिवार के सदस्यों की 20.28 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी तौर पर कुर्क की है.**

ईडी की जारी विज्ञप्ति में बताया कि इन संपत्तियों में नयी दिल्ली में 19.28 करोड़ रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियां और बैंक बैलेंस के रूप में एक करोड़ रुपये की चल संपत्ति शामिल है, जिन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क किया है. इससे पहले शिलांग में ईडी उप–क्षेत्रीय कार्यालय ने तीन जुलाई को एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया था, जिसमें पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत सीएमजे विवि के कुलाधिपति और उनके परिवार के सदस्यों की 20.28 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने की बात कही गई थी. इससे पहले 31 मार्च 2017, 30 नवंबर 2021 और 11 जुलाई 2024 को अनंतिम कुर्की आदेश पारित किए.

### आज का इतिहास


1903 फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बेची।
1905 अल्फ्रेड डीकीन दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
1952 यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय की स्थापना की गयी।
1983 जापान के पश्चिमी शिमन प्रान्त में भारी बारिश से 117 लोग मरे।
1985 कमोडोर ने न्यूयॉर्क के लिंकन सेंटर में अमिगा निजी कंप्यूटर की शुरुआत की।
1989 गिउलिओ अंडरटी इटली के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।
2000 129 वां ब्रिटिश गोल्फ ओपन- रॉयल लिथम में।

# तेल खरीदा तो अर्थव्यवस्था कुचल देंगे

**अमेरिकी सांसद ग्राहम बोले– रूसी तेल 'खून का पैसा'**

**नई दिल्ली,22जुलाई. अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम ने भारत, चीन और ब्राज़ील जैसे देशों को कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा है कि अगर ये देश रूस से तेल खरीदना जारी रखते हैं, तो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उन पर कड़े शुल्क लगाएंगे.**

ग्राहम ने कहा, ट्रंप रूसी तेल खरीदने वालों पर शुल्क लगाएंगे (चीन, भारत और ब्राज़ील). ये तीनों देश करीब 80 प्रतिशत सस्ता रूसी तेल खरीदते हैं, और यही व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को चला रहा है इसलिए, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप इन सभी देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, उन्हें



पुतिन की मदद करने के लिए दंडित करेंगे. ग्राहम ने कहा कि पुतिन प्रतिबंधों में जी सकते हैं और रूसी सैनिकों को नज़रअंदाज कर सकते हैं, लेकिन चीन, भारत और ब्राजील को अमेरिकी अर्थव्यवस्था या पुतिन की मदद करने के बीच एक चुनाव का सामना करना पड़ेगा और मुझे लगता है कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को चुनेंगे.

> ग्राहम ने पुतिन पर हमला बोलते हुए कहा कि वह उन देशों पर हमला करके पूर्व सोवियत संघ को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो उनके नहीं हैं. उन्होंने पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा कि आपका समय आ रहा है जब ट्रंप ने अविश्वसनीय रूप से खतरनाक ईरान से निपटा. ग्राहम ने पुतिन को सलाह दी कि जब रूसी राष्ट्रपति की बात आती है तो खेल बदल गया है. उन्होंने कहा, आपने अपने जोखिम पर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खेला. आपने एक बड़ी गलती की है.

**यूपी कैबिनेट** 4000 करोड़ निवेश से मछली सीड प्लांट बनेगा, एक्सीलेंस सेंटर भी खुलेगा

# 939 करोड़ की सौगात, 37 प्रस्तावों को मंजूरी

**लखनऊ, 22 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें 37 प्रस्तावों को मंज़ूरी प्रदान की गई.**


कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने पत्रकारों को बताया कि कुल 38 प्रस्ताव आए थे जिसमें 37 पर मुहर लग गई. एक प्रस्ताव को अगली बैठक में दोबारा पेश किया जाएगा. इस मौके पर मौजूद कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि टाटा टेक्नोलाजी की ओर से टाटा एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा. ये उत्तर प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित होगा. इस



फैसले से ग्रामीण इलाकों के लोगों को सबसे ज़्यादा फ़ायदा होगा. उत्तर प्रदेश में 121 पॉलीटेक्निक कॉलेज बनाये जाएंगे जिसमे पहले चरण में 45 का निर्माण किया जाएगा. पशुधन विकास मंत्री धरमपाल सिंह ने बताया कि पराग डेयरी नोयडा के विक्रय को मंजूरी प्रदान कर दी गई. राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा अहम प्रस्ताव पारित किया गया है. कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने बताया कि 939 करोड़ से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनेगा जिसकी लंबाई 15.87 किमी होगी जो छह लेन तक बढ़ाया जा सकेगा. चित्रकूट झांसी लिंक एक्सप्रेस वे. 548 दिन में पूरा होगा. मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि, उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए स्टाम्प शुल्क में सरकार ने छूट देने का निर्णय लिया है. महिलावों के नाम एक करोड़ रुपये की प्रापर्टी लेने पर एक प्रतिशत छूट मिलेगी.

> कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विधान सभा सत्र की शुरुआत 11 अगस्त से की जाएगी. पराग डेयरी नोएडा के भूखंड को सुरक्षा संबंधित कंपनी 4.62 हेक्टेयर भूमि 101 करोड़ रुपए में बेचा जाएगा. पराग की नई फैक्ट्री बनवाकर देंगे. एम एस राफे 800 करोड़ कीमत का प्लांट सेक्टर 81 में लगाया जाएगा. मंत्री ने बताया कि स्वामी विवेकानंद योजना में स्मार्ट फोन की जगह अब केवल टेबलेट वितरण किया जाएगा. 60 लाख बच्चों को दिया जा चुका है.

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना
लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित
ई-नीलामी के माध्यम से इन्वेंट्री बल्क सेल
एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई
ASPIRE
ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 05.08.2025




फ़ेज- II, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उत्तर प्रदेश
आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य 3BHK, 4BHK अपार्टमेंट्स
प्रसिद्ध स्कूलों और अस्पतालों के निकट
आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट की दूरी पर
ई-नीलामी दिनांक 06.08.2025 को आयोजित की जाएगी
कृपया ई–नीलामी दस्तावेज के लिए इस क्यूआर को स्कैन करें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
9772907414
कृपया लोकेशन के लिए क्यूआर स्कैन करें।